तत्काल प्रकाशन के लिए

प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं 25/2022)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा ने सोलह शहरों और आस-पास के क्षेत्रों में नामतः रोहतक, लुधियाना, लखनऊ, रायपुर, पुडुचेरी, भुवनेश्वर, नलगोंडा, कोट्टायम, कोलार, सतारा, दीमापुर और कोहिमा, दार्जिलिंग-कलिम्पोंग और सिलीगुड़ी, पटना, ईटानगर, मालदा और अगरतला, में आयोजित ड्राइव टेस्ट, पर रिपोर्ट जारी की।

नई दिल्ली, 28 अप्रैल 2022: ट्राई ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की सहायता से सोलह शहरों और आसपास के क्षेत्रों नामतः रोहतक, लुधियाना, लखनऊ, रायपुर, पुडुचेरी, भुवनेश्वर, नलगोंडा, कोट्टायम, कोलार, सतारा, दीमापुर और कोहिमा, दार्जिलिंग-कलिम्पोंग और सिलीगुड़ी, पटना और ईटानगर, दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही में, और मालदा और अगरतला के लिए सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही, में ड्राइव टेस्ट आयोजित किए।

ड्राइव परीक्षण आवाज और डेटा सेवाओं के लिए सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की गई नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन करने के लिए आयोजित किए गए थे। आयोजित किए गए ड्राइव परीक्षणों का विवरण नीचे दिया गया है;

क्रमांक	शहर	लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (LSA)
1.	रोहतक	हरियाणा
2.	लुधियाना	पंजाब
3.	लखनऊ	उत्तर प्रदेश (पूर्व)
4.	रायपुर	मध्य प्रदेश
5.	पुडुचेरी	तमिलनाडु
6.	भुवनेश्वर	ओडिशा
7.	नालगोंडा	आंध्र प्रदेश
8.	कोट्टायम	केरल
9.	कोलार	केरल
10.	सातारा	महाराष्ट्र
11.	दीमापुर और कोहिमा	उत्तर-पूर्व
12.	दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और सिलीगुड़ी	उत्तर पूर्व
13.	पटना	बिहार
14.	ईटानगर	उत्तर-पूर्व
15.	मालदा	पश्चिम बंगाल
16.	अगरतला	उत्तर-पूर्व

2. क्षेत्र में प्रचालन कर रहे सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के लिए प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) का मूल्यांकन किया गया था। आवाज सेवाओं के लिए KPI कवरेज हैं; कॉल सेटअप सफलता दर(CSSR%); ड्रॉप कॉल दर (DCR%), ब्लॉक कॉल दर(BCR%), हैंडओवर सफलता दर (HOSR%), Rx गुणवत्ता (Rx Qual%)। डेटा सेवाओं के लिए KPI डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट, वेब ब्राउज़िंग देरी, वीडियो स्ट्रीमिंग देरी और विलंबता हैं।

3. संपूर्ण रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, कृपया, श्री. असित कादयान, सलाहकार (क्यूओएस) से दूरभाष क्रमांक +91-11-2323-0404 या ईमेल आईडी: advqos@trai.gov.in पर संपर्क करें।

वि. रघुनंदन

(वी रघुनंदन)
सचिव